11/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक, डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओजेके में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए, जिसमें 100 आतंकवादी मारे गए। आज शाम नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए डीजीएमओ ने कहा कि इनमें आतंकवादी यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे उच्च मूल्य वाले लक्ष्य शामिल हैं, जो आईसी 814 के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की अवधारणा आतंकवाद के अपराधियों और योजनाकारों को दंडित करने और उनके आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ की गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे आतंकी परिदृश्य पर बहुत मेहनत और सूक्ष्मता से प्रहार किया।

**Byte Rajiv Ghai**

0000000000000000000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कल रात संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद पश्चिमी सीमा के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। भारतीय सेना ने कहा कि सेना प्रमुख ने सेना कमांडरों को कल डीजीएमओ वार्ता के बाद बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन के लिए गतिज क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए पूर्ण अधिकार दिए हैं। इस बीच, भारत ने पाकिस्तान से इन उल्लंघनों को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने और स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है।

0000000000000000000

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ़ सैन्य कार्रवाई नहीं है बल्कि यह भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ़ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सैन्य शक्ति की क्षमता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन है। ब्रह्मोस के बारे में बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस भारत और रूस की सर्वोच्च रक्षा तकनीक का संगम है।

0000000000000000000000

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जा रहा है। उन्नीस सौ अट्ठानवें में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में अपने परमाणु बमों का सफल परीक्षण किया था। यह दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवोन्मेषकों के योगदान और भारत के पहले स्वदेशी विमान "हंसा-3" के प्रक्षेपण को याद करता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश के वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त करने और उन्नीस सौ अट्ठानवे के पोखरण परीक्षणों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि वे भारत के विकास पथ में एक ऐतिहासिक घटना थी, खासकर देश की आत्मनिर्भरता की खोज में।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने राज्यवासियों खासकर बौद्ध समुदाय को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपनी शुभकामनाए दी है। उन्होंने आशा जताई कि यह दिवस बुद्ध के प्रेम, शांति और सौहार्द की कालातीत संदेश से लोगों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की है कि बुद्ध पूर्णिमा सभी समुदायों के बीच एकता, आपसी सम्मान और भावनात्मक सद्भाव को और सृद्धंद बनाएगा और समाज के हर कोने में शांति और कल्याण लेकर आएगा।

0000000000000000000

सांसद तापिर गाव ने अपर सियांग जिले के गोबुक गाव स्थित हारकाम व्यू पोईंट में युद्ध स्मारक ‘मिगांग मीपांग मिकमो’ का उद्घाटन किया। साल अट्ठारह सौ तिरानवें से चौरानवें के दौरान तीसरी एंग्लो अबोर युद्ध में अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ बहादुरी से लड़ने वाले गोबुक गाँव के योद्धाओं को यह स्मारक समर्पित किया गया है। समुदायों की ओर से उन योद्धाओं के बलिदान का सम्मान और स्मरण का प्रतीक है यह युद्ध स्मारक। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री गाव ने अपर सियांग जिले के लोगों को खासकर आदि बाने केबांग को उनके प्रशंसनीय पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास और आनेवाले पीढ़ियों के बेहतरी के लिए शांतिपूर्ण और विकास अनुकूल माहौल बनाने की जरुरत पर भी बल दिया।

0000000000000000000000000

जीरो-हापोली के विधायक इंजिनियर हागे आपा ने कल जीरो के जिला सचिवालय भवन में लोअर सुबनसिरी जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा परिदृश्य में सुधार और नामांकन दर को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाई। अपने संबोधन में विधायक ने जिले के सरकारी स्कूलों में खराब शिक्षा परिदृश्य और नामांकन दर पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर एसएमसी बनाने का सुझाव दिया, जहां प्रशासनिक हस्तक्षेप कम हो और प्रभावी निगरानी के लिए एसएमसी का छात्रों और शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ सीधा संपर्क हो। उन्होंने शिक्षकों के स्थानांतरण और पोस्टिंग में अपनी ओर से कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं करने का आश्वासन दिया और जरुरत के अनुसार एसएमसी और शिक्षा विभाग से शिक्षकों का युक्तिकरण करने को कहा।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पाक्के केसांग, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, लेपारादा, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, अंजाव, तिराप और लोंगडिंग जिले को येलो अलर्ट जॉन घोषित की है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अगले चौबीस घंटों में राज्य के अलग-अलग इलाकों में तूफान और बिजली चमकने की संभावना है। वहीं आज से पंद्रह मई तक बारीश में इजाफा होने की भी अनुमान लगाया है।

0000000000000000000000